

# ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर - 273014, उत्तर प्रदेश, भारत के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा **"भारत की पड़ोस नीति: सामयिक राजनयिक विमर्श"** विषय पर **भाद्र शुक्ल एकादशी – द्वादशी, संवत 2077** तदनुसार **29 एवं 30 अगस्त 2020 ई.** को आयोजित दो दिवसीय **आनलाइन अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी** में आप सादर आंमत्रित हैं।

पंजीकरण निःशुल्क है | *पंजीकरण लिंक - https://forms.gle/TPj8JPSqUx7ydYKF7

**29 अगस्त, 2020**,

**उद्घाटन समारोह**

समय- पूर्वाहन 09:30 से 10:30

स्वागत उद्बोधन - डॉ. प्रदीप कुमार राव,
प्राचार्य, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर |
समय - पूर्वाहन 09:32 – 09:40

विषय प्रस्तावना - प्रो. तेज प्रताप सिंह,
समन्वयक सीएसएसईआईपी, राजनीति विज्ञान विभाग,
काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
समय - पूर्वाहन 09:40 – 10:00

बीज वक्तव्य - प्रो. गौतम सेन
पूर्व निदेशक - यशवंतराव चव्हाण, राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केन्द्र, महाराष्ट्र
समय - पूर्वाहन 10:00 – 10:30

**प्रथम तकनीकी सत्र**

29 अगस्त, 2020,
समय - पूर्वाहन 10:30 – 12:00
भारत - पाकिस्तान सम्बन्ध : चुनौतियां एवं समाधान के विविध आयाम
विषय विशेषज्ञ - प्रो. नौसीन वासी
कराची विश्वविद्यालय, पाकिस्तान
समय - पूर्वाहन 10:30 – 11:00

विषय विशेषज्ञ - प्रो. लियाकत खान
मुम्बई विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
समय - पूर्वाहन 11:00 – 11:30

अध्यक्षीय वक्तव्य - डॉ. अशोक वेहूरिया,
सीनियर फेलो, मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन विश्लेषण संस्थान,
एम.पी.आई.डी.एस.ए. नई दिल्ली
समय - पूर्वाहन 11:30 – 12:00

**<u>द्वितीय तकनीकी सत्र</u>**
29 अगस्त, 2020,
समय - अपराहन 02:30 – 04:00
भारत - नेपाल सम्बन्ध: वर्तमान परिप्रेक्ष्य

विषय विशेषज्ञ - डॉ. अमरेश सिंह
संसद सदस्य, नेपाल
समय - अपराहन 02:30 – 3:00

विषय विशेषज्ञ - प्रो. संगीता थपलियाल
सेण्टर फार इनर एशियन स्टडीज, जेएनयू, नई दिल्ली
समय - अपराहन 03:00 – 03:30

अध्यक्षीय वक्तव्य - श्री मंजीव सिंह पूरी
नेपाल, बेल्जियम, लेग्जम्बर्ग, यूरोपियन यूनियन में भारत के पूर्व राजदूत
समय - अपराहन 03:30 – 04:00

**30 अगस्त, 2020**
**<u>तृतीय तकनीकी सत्र</u>**
समय - पूर्वाहन 09:30 – 11:30
भारत - बांग्लादेश सम्बन्ध: आंतरिक एवं
वाहय सुरक्षा के विशेष सन्दर्भ में।

विषय विशेषज्ञ - प्रो. इहसानुल हक़
ढाका विश्वविद्यलाय, बांग्लादेश
समय - पूर्वाहन 09:30 – 10:00

विषय विशेषज्ञ - प्रो. मनीष
अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति अध्ययन केन्द्र,
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात
समय - पूर्वाहन 10:00 – 10:30
अध्यक्षीय वक्तव्य - प्रो.. श्रीराधादत्ता
सेंटर हेड आफ वरिष्ठ फेलो, नेबरहुड स्ट्डीज़,
विवेकानन्द इण्टरनेशनल फाउण्डेशन, नई दिल्ली एवं
पूर्व कार्यकारी निदेशक, मौलाना अबुल कलामआजाद,
एशिया अध्यन केंद्र, कोलकोता

समय - पूर्वाहन 10:30 – 11:00

**चतुर्थ तकनीकी सत्र**

30 अगस्त, 2020,

समय - अपराह्न 02:00 – 03:30

भारत - चीन सम्बन्धों का नवीनतम आयाम

विषय विशेषज्ञ - प्रो. तेज प्रताप सिंह
समन्वयक सीएसएसईआईपी, राजनीति विज्ञान विभाग,
काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
समय - अपराह्न 02:00 – 02:30

विषय विशेषज्ञ - प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी
अध्यक्ष, राजनीतिशास्त्र विभाग, गोवा विश्वविद्यालय, गोवा
समय - अपराह्न 02:30 – 03:00

अध्यक्षीय वक्तव्य - प्रो. जी राम रेड्डी,
राजनीति विज्ञान विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
समय - अपराह्न 03:00 – 03:30

**समारोप**

समय – 03:30 – 04:30

स्वागत - प्रो. तेज प्रताप सिंह
समय - अपराह्न 03:30 – 03:40

समारोप वक्तव्य - प्रो. माधव दास नलपत
सम्पादकीय निदेशक, द सण्डे गार्जियन एवं आईटीवी नेटवर्क इण्डिया,
मानद निदेशक और यूनेस्को शान्ति अध्यक्ष,
भू-राजनीति और अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध विभाग
मनीपाल विश्वविद्यालय, कर्नाटक
समय - अपराह्न 03:40 – 4:20

अध्यक्षता - डॉ. प्रदीप कुमार राव,
प्राचार्य, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर
समय - अपराह्न 04:20 – 04:30

**निवेदक**

**डॉ. अविनाश प्रताप सिंह**
**संयोजक** - 9450489652
**डॉ. कृष्ण कुमार**
**आयोजन सचिव** - 8318963948



# Online International Seminar

We respectfully invite everyone to join two days Online International Seminar dated **29-30 August 2020** entitled **"Neighbourhood Policy of India: Contemporary Diplomatic Discourse"**. Organized by Department of Political Science, Maharana Pratap P.G.College, Jungle Dhusan, Gorakhpur-273014, Uttar Pradesh, India

Registration is Free. Registration Link: https://forms.gle/TPj8JPSqUx7ydYKF7

**29August**
**Inaugural Ceremony**
Time - 09:30 to 10:30 A.M

Welcome Address: Dr. Pradeep Kumar Rao
Principal, Maharana Pratap P.G. College.
Time – 09:32 – 09:40 A.M.

Introduction of Theme of Webinar: Prof. Tej Pratap SIngh
Centre for Study of Social Exclusion & Inclusive Policy (CSSEIP), Faculty of Social Sciences Banaras Hindu University Varanasi
09:40- 10:00 A.M

Keynote Address: Prof. Gautam Sen,
Former Director, Yashwant Chauhan, National Security and
Defense Strategy Center, Maharastra.
10:00- 10:30 A.M

**First Technical Session**
29 August 2020
Time- 10:30-12:00 NOON
India - Pakistan Relation: Challenges and different dimensions of Solution

Speaker: Prof. Nausheen Wasi

Karachi University, Pakistan
Time- 10:30- 11:00 A.M

Speaker: Prof. Liyakat Khan
Mumbai University, Mumbai
11:00-11:30 A.M.

Chair- Dr. Ashok Behuriya
Senior Fellow and Coordinator of the South Asia Centre at MP-IDSA, New Delhi
Time- 11:30-12:00A.M.

**Second Technical Session**
29 August 2020
Time- 02:30-04:00 P.M
India-Nepal Relation: Present Perspective

Speaker- Dr. Amresh Singh
Member of Parliament Nepal
02:30- 03:00 P.M

Speaker – Prof. Sangeeta Thapliyal
Center for Inner Asian Studies, JNU, New Delhi
03:00- 03:30 P.M

Chair- Shree Manjeev Singh Puri
Former Ambassador of India in Nepal
03:30-04:00 P.M

**30 August 2020**
**Third Technical Session**
Time- 09:30-11:30 A.M
India - Bangladesh Relation : In Special context of internal and external security.

Speaker- Prof. Ehsanul Haque
Dhaka University, Bangladesh
09:30- 10:00 A.M

Speaker-Prof Manish
Chairperson, International Politics Study Center,
Central University, Gujarat.
10:00- 10:30 A.M

Chair- Prof.Sreeradha Datta
Senior Fellow, Vivekanand International Foundation, New Delhi
& Former Executive Director, Maulana Abul Kalam Azad Institute of Asian Studies, Kolkata
10:30- 11:00 A.M

**Fourth Technical Session**

30 August 2020 Time- 02:00-03:30 P.M
New Dimension of India-China Relation

Speaker-Prof. Rahul Mani Tripathi
Head, Department of Political Science, Goa University, Goa
02:00- 02:30 P.M

Speaker- Prof. T.P. Singh
Centre for Study of Social Exclusion & Inclusive Policy (CSSEIP),

Faculty of Social Sciences, Banaras Hindu University Varanasi
02:30-03:00 P.M

Chair- Prof. G. Ram Reddy,
Dept of Political Science, Osmania University, Hyderabad.
03:00-03:30 P.M

**Valedictory Ceremony**
30 August 2020 Time- 03:30-04:30 P.M

Welcome Address-Prof. T.P. Singh
Banaras Hindu University Varanasi
03:30-03:40 P.M

Valedictory Address- Prof. Madhav Das Nalpat
UNESCO Peace Chair at the Department of Geopolitics and International Relations at Manipal University, Manipal,
Editorial Director of Itv network (India)
& The Sunday Guardian
03:40-04:20 P.M

Chair- Dr. Pradeep Kumar Rao,
Principal,
Maharana Pratap P.G.College, Jungle Dhusan, Gorakhpur
04:20-04:30 P.M.

**Convener**
**Dr. Avinash Pratap Singh**
9450489652
**Organizing Secretary**
**Dr. Krishna Kumar**
8318963948

## राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में - महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ द्वारा 'भारत की पड़ोस नीति: सामयिक राजनयिक विमर्श' पर आयोजित आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

**उद्घाटन**- 29-30 अगस्त को राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वावधान में 'भारत की पड़ोसी नीति : सामयिक राजनयिक विमर्श' विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते प्रो. गौतम सेन



संगोष्ठी में उद्घाटन सत्र में प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते प्रो. तेज प्रताप सिंह

उद्घाटन यशवन्त राव चाव्हाण राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केन्द्र, महाराष्ट्र के पूर्व निदेशक प्रो. गौतम सेन द्वारा हुआ। इस अवसर पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए प्रो. गौतम सेन ने अपना उद्बोधन दिया। संगोष्ठी की विषय प्रस्तावना समन्वयक सी.एस.एस.आई.पी., राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने रखी। स्वागत उद्बोधन डॉ. प्रदीप कुमार राव, कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया।


संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र को सम्बोधित करते डॉ. अशोक बहुरिया

**प्रथम तकनीकी सत्र**- संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में 'भारत पाकिस्तान सम्बन्ध : चुनौतियाँ एवं सामाधान के विविध आयाम' विषय पर रक्षा अध्ययन विश्लेषण संस्थान, नई दिल्ली के सीनियर फेलो डॉ.अशोक बहुरिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। विशेष वक्ता के रूप में कराची विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रो. नोशीन वासी ने इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया। वेबिनार में गोवा विश्वविद्यालय से प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से प्रो. जी. रामरेड्डी सहित देश और दुनिया के अनेक विद्वान और रिसर्च स्कॉलर समिलित रहे।


संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में उपस्थित विद्वत्जन

**द्वितीय तकनीकी सत्र**- संगोष्ठी के द्वितीय तकनीकी सत्र में 'भारत-नेपाल सम्बन्ध : वर्तमान परिप्रेक्ष्य' विषय पर नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत श्री मंजीव सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। विशेष वक्ता के रूप में नेपाली कांग्रेस के हाऊस ऑफ रिप्रजेंटेटिव सदस्य डॉ. अमरेश सिंह ने इस विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, प्रश्नों का संकलन व प्रस्तुतीकरण डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा आभार ज्ञापन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया।


संगोष्ठी के द्वितीय तकनीकी सत्र का संचालन करते डॉ. अविनाश प्रताप सिंह

**तृतीय तकनीकी सत्र**- 30 अगस्त को ऑनलाइन संगोष्ठी के दूसरे दिन तृतीय तकनीकी सत्र में 'भारत - बांग्लादेश सम्बन्ध: आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा के विशेष सम्बन्ध' विषय पर विवेकानन्द इण्टरनेशनल फाउण्डेशन



संगोष्ठी के तृतीय तकनीकी सत्र को सम्बोधित करते प्रो. एहसानुल हक



संगोष्ठी के तृतीय तकनीकी सत्र को सम्बोधित करतीं प्रो. राधा दत्ता

की सीनियर फेलो नई दिल्ली तथा अब्दुल कलाम आजाद एशिया अध्ययन केन्द्र कोलकाता की पूर्व कार्यकारी निदेशक प्रो. श्रीमती राधा दत्ता ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन दिया। विषय विशेषज्ञ के रूप में ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश के प्रो. एहसानुल हक ने अपना विचार प्रस्तुत किया। विशेष वक्ता के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात के अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति केन्द्र के अध्यक्ष प्रो. मनीष ने इस पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि परिचय डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया।

**चतुर्थ तकनीकी सत्र**- संगोष्ठी के चतुर्थ तकनीकी सत्र में 'भारत-चीन सम्बन्धों का नवीनतम आयाम' विषय पर प्रो. जी. रामरेड्डी ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। विशेष वक्ता के रूप में गोवा विश्वविद्यालय, राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।



संगोष्ठी के चतुर्थ तकनीकी सत्र में विचार व्यक्त करते प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी

**समापन सत्र**- दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इससे पूर्व द सण्डे गार्जियन एवं आईटीवी नेटवर्क इण्डिया के सम्पादकीय निदेशक प्रो. माधव दास नलपत ने अपना विशिष्ट उद्‌बोधन



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर आशीर्वाद देते पूज्य महाराज जी



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर उद्‌बोधन देते प्रो. माधव दास नलपत

# समावर्तन–2021



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर उपस्थित प्रो. हर्ष सिन्हा



अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर उपस्थित प्रो. मनीष

दिया। समापन समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दुष्यन्त सिंह, पुणे से प्रो. गौतम सेन, गुजरात से प्रो. मनीष, मुम्बई से प्रो. लियाकत खान, गोरखपुर से प्रो. हर्ष सिन्हा, डॉ. बलवान सिंह सहित गुजरात, पश्चिम बंगाल, हिमाचल, दक्षिण भारत सहित अनेक प्रान्तों से प्रतिभागी ऑनलाइन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी संयोजक डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, प्रश्नों का संयोजन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया।

# पाकिस्तान उत्तर उपनिवेशवाद के प्रभाव से नहीं उबर पाया : नौशीन


## महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से 'भारत की पड़ोसी नीतिः सामयिक राजनयिक विमर्श' विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शनिवार को हुआ।

विशेष वक्ता के रूप में कराची विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय मामलों की विशेषज्ञ प्रो. नौशीन वासी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की अवाम के बीच मुहब्बत बहुत है, लेकिन दोनों देशों में सक्रिय अतिवादी वैचारिकी ने रिश्तों को जटिल कर दिया है। पाकिस्तानी राजनयिक दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाना चाहते हैं किंतु सेना के हस्तक्षेप के कारण स्थितियां उलट जाती हैं। कहा कि पाकिस्तान अभी भी उत्तर उपनिवेशवाद के प्रभाव से उबर नहीं पाया है। यही कारण है कि आज तक पाकिस्तान की कोई स्वतंत्र विदेश नीति नहीं बन पाई। दो दिवसीय वेबिनार के पहले दिन महाराष्ट्र के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केंद्र के पूर्व निदेशक

### कराची विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय मामलों की विशेषज्ञ ने रखी राय



यशवंत राव चव्हाण ने कहा कि शांतिपूर्ण विदेश नीति के साथ रणनीतिक और राजनयिक स्तर पर भी सजगता का परिचय देना होगा। राष्ट्रीय स्थिरता और अखंडता, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति तथा पड़ोसी राज्यों के साथ हमारे संबंधों में शांति और स्थिरता लाने का प्रयास होना चाहिए।

रक्षा एवं राजनयिक मामलों के विशेषज्ञ प्रो. गौतम सेन ने कहा कि राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर पड़ोसियों में जो उलट फेर होता है, वह कोई नई बात नहीं है। मुंबई विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ प्रो. लियाकत खान ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में सच्चाई पर कम, मिथकों पर अधिक ध्यान दिया जाता है। संगोष्ठी को काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रो. तेज प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन संयोजक डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा आभार ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. कृष्ण कुमार ने किया। कार्यक्रम में गोवा विश्वविद्यालय से प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से प्रो. जी.राम रेड्डी सहित देश और दुनिया के अनेक विद्वान आदि शामिल हुए।

### नेपाल के शाही घराने की गोरक्षपीठ में आज भी गहरी आस्था : पूर्व राजदूत

**गोरखपुर।** संगोष्ठी के दूसरे सत्र में 'भारत-नेपाल संबंधः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने कहा कि भारत और नेपाल में आज भी शताब्दियों पूर्व स्थापित रोटी-बेटी का संबंध सकारात्मक अस्तिव के साथ कायम है, तथा यह संबंध वर्तमान समय में प्रासंगिक भी है। नाथपंथ एवं नाथ योगियों का आध्यात्मिक प्रभाव आज भी नेपाली जनमानस में दृष्टिगोचर हैं। नेपाल का शाही घराना आज भी गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ में गहरी आस्था रखता है। नेपाल कांग्रेस के हाऊस ऑफ रिप्रेंजेंटेटिव सदस्य डॉ. अमरेश सिंह ने कहा कि नेपाल, दिल्ली से जो तवज्जो पाना चाहता है, उसे उतना न मिलने से भारत-नेपाल संबंधों में हलचल पैदा होती है। चीन अपनी चालाक नीतियों से नेपाली नौकरशाही को भी अपनी तरफ खींचता है। काठमांडू शुरू से ही यूरोपियन और एशियन अध्ययन का प्रमुख केंद्र रहा है। कांठमांडू की दिल्ली से अपेक्षाएं बढ़ने का सबसे बड़ा कारण यह है कि चीन अब नेपाल के तमाम औपचारिक-अनौपचारिक क्षेत्रों में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम को सेंटर फॉर इनर एशियन स्टडीज, जेएनयू, दिल्ली की प्रो. संगीता थपलियाल, गोवा विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. तेज प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह व प्रश्नों का संयोजन एवं प्रस्तुतिकरण डॉ. कृष्ण कुमार ने किया।


## 'नाथ संप्रदाय के संतों ने सामाजिक एकीकरण के लिए किया कार्य'


ऑनलाइन संगोष्ठी

**पीपीगंज।** ब्रह्मलीन दिग्विजय नाथ जी महाराज की 51वीं तथा महंत अवेद्यनाथ महाराज की छठी पुण्यतिथि के मौके पर गोरखनाथ विद्यापीठ भरोहिया पीपीगंज में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'हिंदुत्व एवं सामाजिक एकीकरण' विषय पर आधारित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता पृथ्वीराज सिंह ने सामाजिक एकीकरण में नाथ संप्रदाय के योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि नाथ संप्रदाय के संत हमेशा ही सामाजिक एकीकरण के लिए कार्य करते आए हैं। नाथ संप्रदाय ने उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक अपने विभिन्न मठों के द्वारा भारत में सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने का कार्य किया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रामजन्म सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम जिन्हें सभी हिन्दू अपना आदर्श मानते हैं। कहा कि, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरे विश्व के हिन्दू जनमानस की इच्छा थी जिसे पूर्ण कराने में गोरखनाथ मंदिर, नाथ संप्रदाय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य मनीष कुमार दुबे ने अध्यक्षता कर रहे श्रीराम जन्म सिंह, मुख्य वक्ता पृथ्वीराज सिंह समेत जूम पटल पर एकत्रित सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनीष कुमार दुबे, उपप्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र दुबे, सितम आनंद, आशुतोष सिंह आदि रहे। ब्यूरो

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जुटाएं पर्याप्त संसाधन





ऑनलाइन संगोष्ठी में बोलते राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केंद्र, महाराष्ट्र के पूर्व निदेशक प्रो. गौतम सेन व नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पुरी • सौ. सोशल मीडिया

## एमपीपीजी कॉलेज

- दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- नेपाल व पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने भी रखे अपने विचार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** राष्ट्रीय अखंडता, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति तथा पड़ोसी राज्यों के साथ हमारे संबंधों में शांति और स्थिरता लाने का प्रयास होना चाहिए। यह राष्ट्र के नेतृत्व की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक राष्ट्रीय हित व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन और अवसर पैदा करे।

यह बातें यशवंत राव चव्हाण राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केंद्र, महाराष्ट्र के पूर्व निदेशक प्रो. गौतम सेन ने कही। वह महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ की ओर से आयोजित 'भारत की पड़ोसी नीति : सामयिक राजनयिक विमर्श' विषयक दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन विश्लेषण संस्थान, नई दिल्ली के सीनियर फेलो डॉ. अशोक बहुरिया ने कहा कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के साथ रिश्तों के बीच अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया।

**अतिवादी वैचारिकी से जटिल हुए भारत-पाक के रिश्ते : प्रो. जौशीन**

कराची विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रो. नौशीन वासी ने कहा कि दोनों मुल्कों की अवाम में मुहब्बत बहुत है, लेकिन सक्रिय अतिवादी वैचारिकी ने भारत-पाक के रिश्तों को जटिल कर दिया है। मुंबई विश्वविद्यालय के प्रो. लियाकत खान ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में सच्चाई का कम, मिथक का अधिक ध्यान दिया जाता है। पहले सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने विचार व्यक्त किया। स्वागत संबोधन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव का रहा।

### भारत-नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध आज भी प्रासंगिक : मंजीव पुरी

दूसरे सत्र में 'भारत-नेपाल संबंध : वर्तमान परिपेक्ष्य' विषय पर नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने कहा कि भारत और नेपाल में आज भी शताब्दियों पूर्व स्थापित रोटी-बेटी का संबंध सकारात्मक अस्तिव के साथ कायम है। यह संबंध वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। नेपाल कांग्रेस के हाऊस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य डॉ. अमरेश सिंह ने कहा कि नेपाल, दिल्ली से जो तवज्जों पाना चाहता है, उसे उतना नहीं मिलना भारत-नेपाल संबंधों में हलचल पैदा करता है। सेंटर फार इनर एशियन स्टडीज, जेएनयू, दिल्ली की प्रो. संगीता थपलियाल, गोवा विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने भी विचार रखे। संगोष्ठी में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से प्रो. जी. राम रेड्डी सहित देश और दुनिया के अनेक विद्वान शामिल हुए।


Scanned with OKEN Scanner

हिन्दुस्तान

# भारत से संबंधों के बीच पाक सेना दीवार

## वेबिनार

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता



वेबिनार को संबोधित करते नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी। • हिन्दुस्तान

भारत व पाकिस्तान के आवाम के बीच मुहब्बत बहुत हैं लेकिन दोनों देशों में सक्रिय अतिवादी वैचारिकी ने रिश्तों को जटिल कर दिया है। पाकिस्तानी राजनयिक दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाना चाहता है लेकिन वहां की सेना द्वारा हस्तक्षेप के कारण स्थितियां उलट जाती हैं।

यह कहना है कराची विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रो. नौशीन वासी का। वे शनिवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से हृभारत की पड़ोसी नीतिः सामयिक राजनयिक विमर्शह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन विशेष वक्ता के रूप में मौजूद थीं।

इस दौरान उन्होंने मुखर होकर दोनों देशों के संबंधों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में अतिवादी प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा सीमा पार गतिविधियां भी दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित करती हैं। महाराष्ट्र के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा विश्लेषण केंद्र के पूर्व निदेशक यशवंत राव चव्हाण ने कहा कि शांतिपूर्ण विदेश नीति के साथ रणनीतिक और राजनयिक स्तर पर भी सजकता का परिचय देना होगा।रक्षा एवं राजनयिक मामलों के विशेषज्ञ प्रो. गौतम सेन ने कहा कि राष्ट्रीय हित व सुरक्षा को लेकर पड़ोसियों में जो उलटफेर होता है वह कोई नई बात नहीं है। मुंबई विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ प्रो. लियाकत खान ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में सच्चाई का कम मिथक का अधिक ध्यान दिया जाता है। संगोष्ठी को काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रो. तेज प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भी संबोधित किया। ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन संयोजक डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा आभार ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. कृष्ण कुमार ने किया।

### नेपाल का शाही घराना आज भी गोरक्षपीठ में रखता है आस्था

दूसरे सत्र में 'भारत-नेपाल संबन्ध: वर्तमान परिपेक्ष्य' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने कहा कि भारत व नेपाल में आज भी शताब्दियों पूर्व स्थापित रोटी-बेटी का संबंध सकारात्मक अस्तिव के साथ कायम है। नेपाल का शाही घराना गोरक्षपीठ के प्रति श्रद्धाभाव रखता है। नेपाल कांग्रेस के हाऊस ऑफ रिप्रजेंटेटिव सदस्य डॉ. अमरेश सिंह ने कहा कि नेपाल, दिल्ली से जो तवज्जों पाना चाहता है उसे उतना न मिलना सम्बन्धों में हलचल पैदा करता है।

### औपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा में प्रवेश कर रहा है चीन

चीन अपनी चालाक पूर्ण नीतियों से नेपाली नौकरशाही को भी अपनी तरफ खीचता है। काठमांडू शुरू से ही यूरोपियन और एशियन अध्ययन का प्रमुख केन्द्र रहा है। काठमांडू की दिल्ली से अपेक्षायें बढ़ने का सबसे बड़ा कारण यह है कि चीन अब नेपाल के तमाम औपचारिक व अनौपचारिक क्षेत्रों में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम को सेन्टर फार इनर एशियन स्टडीज जेएनयू दिल्ली के प्रो. संगीता थापलियाल, गोवा विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने संबोधित किया।

Scanned with OKEN Scanner

एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन, संगोष्ठी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संबोधित


# सीएम योगी बोले- भारत की विदेश नीति है रामराज्य की नीति

**एमपी पीजी कॉलेज**

गोरखपुर | निज संवाददाता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत की विदेश नीति रामराज्य की नीति रही है। भारत के जितने भी पड़ोसी हैं वे सभी भारतीय संस्कृति की सांझी विरासत हैं। भारत की परम्पराओं को आज वैश्विक स्वीकार्यता मिल रही है।

सीएम रविवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में भारत की पड़ोसी नीति : सामयिक राजनयिक विमर्श विषय पर आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



एमपी पीजी कॉलेज में संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका द्वारा इण्डिया फर्स्ट की घोषणा भारतीय विदेश नीति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। इण्डोनेशिया की रामलीला मण्डली मानती है कि इस्लाम हमारी उपासना विधि है, लेकिन राम तो हमारे पूर्वज हैं। श्रीराम ने लंका विजय के बाद भी लक्ष्मण को बताया कि हमारी जननी जन्म भूमि हमारे लिए स्वर्ग से बढ़कर है। प्रभु राम की यह सर्वे भवन्तु सुखिनः की पड़ोस नीति आज भी हमारी रक्त शिराओं में प्रवाहित होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश सभी स्वीकार करते हैं कि भारत की पड़ोस नीति अत्यन्त उदार और सहिष्णु है। ऐसे में भारत की पड़ोस नीति विश्व के लिए एक अप्रतिम उदाहरण है। आज हम सभी को यह चिन्तन करने की जरूरत है कि भारत को मजबूत करके और भारत के सहयोग से मजबूत होकर इस दक्षिण एशिया महाद्वीप को समृद्ध किया जा सकता है। कुछ ऐसे पड़ोसी भारत के हैं जो पूरी दुनिया के लिए चुनौती बने हुए हैं। उनका सामना करने के लिए भारतीय विदेश नीति से साम्य रखने वाले देशों को एकजुट होकर शांति और विकास के पहिये को आगे बढ़ाना होगा।

## बांग्लादेश की प्रगति से खुद को जोड़कर देखता है भारत

विवेकानन्द इंटरनेशनल फाउन्डेशन, नई दिल्ली की सीनियर फेलो प्रो. श्रीराधा दत्ता ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी मधुर हैं। शेख हसीना के कारण यह संबंध और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश की प्रगति से भारत अपने को जोड़कर देखता है। ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश के प्रो. एहसानुल हक ने कहा कि पिछले दो दशकों से बांग्लादेश प्रगति के जिन सोपानों को छू रहा है। वह भारत के सक्रिय सहयोग के कारण ही सम्भव हुआ है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने कहा कि भारत बांग्लादेश की साझी संस्कृति है। बांग्लादेश की आर्थिक समृद्धि विकास तथा मानव विकास सूचकांक की प्रगति से भारत को अपने इस पड़ोस पर गर्व की अनुभूति होती है।

## चीन के चित्र को नहीं मिली स्वीकार्यता : प्रो. रामरेड्डी


समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रो. जी. रामरेड्डी ने कहा कि भारत आज अपने मित्र पड़ोसियों से कम शत्रु पड़ोसियों से अधिक घिरा हुआ है। चीन ने विश्व के समक्ष अपना जो चित्र प्रस्तुत किया है उसे वैश्विक स्वीकार्यता नहीं मिल सकती। गोवा विवि, राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी की 'नेबरहुड फर्स्ट पालिसी' को और विस्तार की आवश्यकता है। समापन समारोह में पत्रकार प्रो. माधव दास नलपत, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दुष्यन्त सिंह, पुणे से प्रो. गौतम सेन, मुम्बई से प्रो. लियाकत खान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. तेज प्रताप सिंह, प्रो. हर्ष सिन्हा, डॉ. बलवान सिंह आदि मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner

# 'श्रीलंका के इंडिया फर्स्ट की घोषणा विदेश नीति की वैश्विक स्वीकार्यता'

अमर उजाला ब्यूरो

## एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में ऑनलाइन व्याख्यान के समापन समारोह में बोले सीएम



ऑनलाइन व्याख्यान के समापन समारोह में सीएम योगी भी शामिल हुए।

**गोरखपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीलंका द्वारा 'इंडिया फर्स्ट' की उद्घोषणा भारतीय विदेश नीति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारत की विदेश नीति 'रामराज्य की नीति' रही है। भारत के जितने भी पड़ोसी हैं वे सभी भारतीय संस्कृति की साझी विरासत हैं। भारत की परंपराओं को आज वैश्विक स्वीकार्यता मिल रही है। कुछ ऐसे पड़ोसी भारत के हैं जो पूरी दुनिया के लिए चुनौती बने हुए हैं। उनका सामना करने के लिए भारतीय विदेश नीति से साम्य रखने वाले देशों को एकजुट होकर शांति और विकास के पहिए को आगे बढ़ाना होगा।

एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान के समापन समारोह में सीएम योगी भी शामिल थे। कहा कि इंडोनेशिया की रामलीला मंडली मानती है कि इस्लाम हमारी उपासना विधि है। राम तो हमारे पूर्वज हैं और हम सदैव आत्मिक जुड़ाव भगवान राम से रखते हैं। श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश सभी स्वीकार करते हैं कि भारत की पड़ोस नीति अत्यंत उदार और सहिष्णु है। इसके पूर्व चौथे तकनीकी सत्र में 'भारत-चीन संबंधों का नवीनतम आयाम'' विषय पर प्रो. जी. रामरेड्डी ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत आज अपने मित्र पड़ोसियों से कम शत्रु पड़ोसियों से अधिक घिरा हुआ है।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने कहा कि शी जिनपिंग की चीन नीति में विपरीत रूप से साम्राज्यवादी तथा विस्तारवादी स्वरूप में दिखाई देता है। इससे सीमा पर समस्याएं बढ़ी हैं। गोवा विश्वविद्यालय के प्रो. राहुल मणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी पड़ोसी राष्ट्रों को यह तय करना होगा कि वे दक्षिण एशियाई राष्ट्रों के साथ विदेश नीति को किस प्रकार तय करें कि उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे उपक्षेत्र में दिखाई दे।

समापन समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दुष्यंत सिंह, पुणे से प्रो. गौतम सेन, गुजरात से प्रो. मनीष, मुंबई से प्रो. लियाकत खान, प्रो. हर्ष सिन्हा, डॉ. बलवान सिंह सहित गुजरात, पश्चिम बंगाल, हिमाचल, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत सहित अनेक प्रांतों से प्रतिभागी ऑनलाइन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी संयोजक डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, प्रश्न संयोजन डॉ. कृष्ण कुमार ने किया।

Scanned with OKEN Scanner